प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 14.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–हिंदी भाषा राष्ट्रीय एकता को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी, युवाओं से अपनी मातृभाषा का इस्तेमाल करने की अपील की।
2. मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग, झारखंड समेत पांच राज्यों के प्रतिनिधियों ने बैठक में जनजागरण अभियान चलाने का लिया निर्णय।
3. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, विधायकों के विशेषाधिकार का दायरा बढ़ाने की मांग की।
4. एसआईआर के तहत दावा आपत्ति की कल अंतिम तिथि, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पात्र युवाओं से मतदाता सूची में जुड़ने की अपील की।
5. और राज्य में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जा रही हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी, गणेशउत्सव को लेकर बनाए गए कई भव्य पंडाल।

और अब समाचार विस्तार से

*************************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में कई भाषाओं का होना देश की सबसे बड़ी ताकत है। आज हिंदी दिवस पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा किसी दूसरी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। श्री शाह ने युवाओं से अपनी मातृभाषा के बारे में जानने और घर पर बातचीत के दौरान इसका इस्तेमाल करने का आग्रह किया।

*************************

राजभाषा दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने लोगों से हिन्दी को जन–जन की भाषा बनाने की दिशा में भागीदारी का संकल्प लेने की अपील की।

*************************

मुंडारी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग को लेकर रांची में मुंडारी भाषा समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें झारखंड समेत पांच राज्यों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मुंडारी भाषा को आदिवासी समाज की अस्मिता, समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक बताते हुए इसके संवैधानिक संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में मुंडारी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए देशव्यापी जनजागरण अभियान और आंदोलन चलाने का सर्वसम्मत संकल्प लिया गया।

*************************

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधायकों के विशेषाधिकार का दायरा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को पत्र लिखकर विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली में ऐसे प्रावधान जोड़ने का सुझाव दिया है, जिसके तहत विधायकों के साथ जानबूझकर अपमानजनक या अशिष्ट व्यवहार करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई की जा सके।

*************************

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने एग्रिको स्थित अपने आवास के समीप हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पिता और पुत्र की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद नो–एंट्री के दौरान भारी वाहनों के परिचालन पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नो–एंट्री व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और दुर्घटना संभावित इलाकों में सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की।

*************************

पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन एसोसिएशन, पासवा की ओर से रांची में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें करीब ढाई हजार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ उनके भविष्य

और देश के अच्छे नागरिक के रूप में निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि पासवा ने शिक्षकों के सामाजिक और आर्थिक हितों के संरक्षण के लिए अभियान जारी रखने की बात कही।
एसआईआर को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों विशेषकर युवाओं से अनुरोध किया है कि जो अभी भी मतदाता सूची के ड्राफ्ट में शामिल नहीं हैं, वे ईसीआईनेट अथवा बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म–6 व घोषणा पत्र अवश्य भरें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दावा आपत्ति के लिए कल अंतिम तिथि है।
इधर दुमका जिले में अब तक लगभग साढ़े 12 हजार फॉर्म भरे जा चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अंतिम दो दिनों में फॉर्म भरने की प्रक्रिया तेज की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिक मतदाता सूची से जुड़ सकें।

*************************

रांची में आयोजित 'प्रिवेंट हार्ट समिट–2026' में देशभर से आए हृदय रोग विशेषज्ञों ने हृदय रोगों की रोकथाम से लेकर आधुनिक उपचार तक पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन का आयोजन कार्डियोलाजिकल सोसाइटी आफ इंडिया, झारखंड चौप्टर की ओर से किया गया। कार्डियोलाजिस्ट डॉ. राजेश झा ने जीवनशैली में बदलाव और युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों पर विशेष चिंता जताई। विशेषज्ञों ने कहा कि आधुनिक हृदय चिकित्सा का उद्देश्य केवल बीमारी होने के बाद उपचार करना नहीं, बल्कि जोखिम कारकों की पहचान कर बीमारी को रोकना भी है।

*************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 42 हजार रूपये प्रति किलो है।

*************************

गणेश चतुर्थी पर रांची समेत राज्यभर में गणेश उत्सव का उत्साह है। सरायकेला–खरसावां जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा–अर्चना की जा रही है। पाकुड़ जिले में. रेलवे मैदान,हिरणपुर एवं महेशपुर प्रखंड मुख्यालय सहित दर्जनों स्थानों पर गणपति की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं

*************************

झारखंड समेत देशभर में आज हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं ।

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोशल मीडिया संदेश में हरितालिका तीज की हार्दिक शुभकामनाएँ दी । उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना की।

*************************

रांची के खेलगांव स्थित सिंधु–कान्हू वेलोड्रोम में दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता ट्रैक साइकिलिंग स्टेट लीग–2026 का समापन हुआ, दूसरे दिन कैरिन जूनियर में निकिता सोरेंग, एलीट में सबीना कुमारी, परस्यूट जूनियर में शीला बारा और स्क्रैच एलीट में सिंधु लता हेंब्रम ने स्वर्ण जीता। लीग में राज्य के 15 जिलों की बालिका और महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

*********समाप्त**********